**राज्यपाल सचिवालय**
**राज भवन जयपुर**

## राज्यपाल ने नवमी पर पूजा अर्चना कर प्रदेशवासियों की खुशहाली की कामना की

### कन्या पूजन कर लिया आशीर्वाद

जयपुर, 30 मार्च। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने रामनवमी पर राजभवन में राजराजेश्वर मंदिर प्रांगण में चल रहे यज्ञ की पूर्णाहुति में भाग लिया और पूजा अर्चना कर भगवान की आरती की। उन्होंने इस अवसर पर राजभवन में कन्याओं को नौ देवी का रूप मान उनका पूजन और सत्कार कर आशीर्वाद लिया।

राज्यपाल श्री मिश्र ने मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम का प्राकट्य उत्सव मनाते उनके आदर्शों को आत्मसात करने का आह्वान किया। उन्होंने नवमी पर भगवान श्री राम और मां दुर्गा से प्रदेशवासियों के सुख, समृद्धि और खुशहाली की कामना की।

--------